**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1284**
**मंगलवार, 11 फ़रवरी, 2025/22 माघ, 1946 (शक) को उत्तरार्थ**

**अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग**

**1284. श्री प्रदीप कुमार सिंहः**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष (आईवाईसी) के लिए अंतर्राष्ट्रीय संगठनों या देशों के साथ कोई सहयोग शुरू किया गया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त सहयोग के क्या परिणाम रहे; और
(ग) उक्त घोषणा के बाद सहकारी समितियों की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए प्रस्तावित योजना का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री**
**(श्री अमित शाह)**

(क) से (ग): दिनांक 19 जून, 2024 को संयुक्त राष्ट्र महासभा संकल्प ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 (IYC – 2025) की घोषणा की है । IYC-2025 को आधिकारिक रूप से भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 25 नवंबर, 2024 को नई दिल्ली में ICA वैश्विक सम्मेलन और महासभा के दौरान लॉन्च किया गया । IYC-2025 लोकतांत्रिक शासन, गरीबी घटाने और जलवायु अभियान को प्रोत्साहित करता है । अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष–2025 मनाने के लिए सहकारिता मंत्रालय ने राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों, राष्ट्रीय परिसंघों, केंद्रीय मंत्रालयों और अन्य हितधारक संगठनों की सहभागिता से एक कार्य योजना तैयार की है ।

सहकारी समितियों की दीर्घकालिक संवहनीयता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण, बोर्ड की बैठकें, प्रदर्शनियां, कार्यशालाएं, आदि जैसे सभी कार्यक्रमों को सहकारी समितियों द्वारा ग्रामीण, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर निम्नलिखित उद्देश्यों के साथ संरेखित करके आयोजित किया जाएगा:

i. सहकारिता की भावना को प्रोत्साहन
ii. सहकारी क्षेत्र का विस्तार
iii. सहकारिता के उद्देश्यों की पूर्ति

उपरोक्त उद्देश्य निम्नलिखित सिद्धांतों के अनुरूप होंगे:

i. सहकारी क्षेत्र में पारदर्शिता

ii. सहकारी क्षेत्र में जवाबदेही

iii. सहकारी समितियों की प्रचालन कार्यकुशलता

iv. क्षेत्र में नीति सुधार

v. सहभागी प्रणाली को प्रोत्साहन (सहकारिता में सहकार)

vi. सहकारी संस्थाओं के इतिहास और पारंपरिक शक्ति का प्रदर्शन

vii. बहुउद्देश्यीय पैक्स के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था का रूपांतरण

viii. सहकारी क्षेत्र में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी

ix. सहकारी शिक्षा और प्रशिक्षण को पुन: परिभाषित करके उत्कृष्ट संस्थानों का विकास

IYC – 2025 का समापन कार्यक्रमों और प्रगति पर एक व्यापक रिपोर्ट और वर्ष 2026 के लिए व्यवसाय सुधार कार्ययोजना के साथ होगा जिसका लक्ष्य सहकारी समितियों का सशक्तीकरण और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (SDG) की प्रगति में तेजी लाना है ।

जबकि, सहकारिता मंत्रालय ने इस संबंध में अभी तक किसी राष्ट्र अथवा अंतर्राष्ट्रीय संगठन के साथ कोई सहभाग नहीं किया है, परंतु सहकारी समितियों के संवर्धन पर विचारों के आदान-प्रदान करने के लिए स्पेन, चिली, नेपाल और मंगोलिया के प्रतिनिधिमंडलों के साथ बैठकें की गई हैं ।

*****